64

न्याय की पांच बातें जो आपको पता होनी आवश्यक है

(20:11-15)

एक दिन सुबह-सुबह एक जवान वकील की नींद उड़ गई और वह अपने भविष्य के बारे में सोचने लगा। उसके मन में कई सवाले आए:

''बार पास करने के बाद तुम क्या करोगे?''

''वकालत।''

''उसके बाद?''

''मैं धनवान हो जाऊंगा।''

''फिर?''

''मैं रिटायर हो जाऊंगा।''

''उसके बाद?''

''मर जाऊंगा।''

''उसके बाद?''

एक पल में उत्तर आया और उसने रुकते हुए कहा: ''न्याय।''

परमेश्वर के सामने न्याय के लिए जाने की बात ने उस नौजवान का जीवन बदल दिया[1] और यह आपका जीवन बदल सकता है। महान राजनयिक डेनिय्यल वेबस्टर से एक बार अपना महत्वपूर्ण विचार साझा करने के लिए कहा गया था। उसने उत्तर दिया, ''मेरे मन में सबसे महत्वपूर्ण विचार यह आया था कि निजी तौर पर मुझ पर परमेश्वर की ज़िम्मेदारी है।''[2]

सुलैमान ने लिखा है, ''हे जवान, अपनी जवानी में आनन्द कर, ... अपनी मनमानी कर ... परन्तु यह जान रख कि इन सब बातों के विषय में परमेश्वर तेरा न्याय करेगा'' (सभोपदेशक 11:9)। मार्स पहाड़ी के दार्शनिकों को पौलुस ने बताया था, ''... परमेश्वर

... अब हर जगह सब मनुष्यों को मन फिराने की आज्ञा देता है। क्योंकि उसने एक दिन ठहराया है, जिस में वह ... धर्म से जगत का न्याय करेगा, ..." (प्रेरितों 17:30, 31)। कुरिन्थिुस के मसीही लोगों को उसने लिखा, "क्योंकि अवश्य है, कि हम सब का हाल मसीह के न्याय आसन के साम्हने खुल जाए" (2 कुरिन्थियों 5:10क)। इब्रानियों की पत्री के लेखक ने कहा कि "मनुष्यों के लिए एक बार मरना और उसके बाद न्याय का होना नियुक्त है" (इब्रानियों 9:27)।

प्रकाशितवाक्य 20 के पहले भाग में हमने शैतान का भविष्य देखा। आगे अध्याय 21 और 22 में हम उन लोगों का भविष्य देखेंगे जो परमेश्वर की बात मानते हैं। हमारा यह वचन पाठ (अध्याय 20 का पिछला भाग) 20:1-10 और प्रकाशितवाक्य के अन्तिम दो पाठों के बीच एक पुल है। इसमें उन लोगों का भविष्य पता चलता है, जो शैतान के पीछे चलने की जिद करते हैं। 20:11-15 का संदेश सबके लिए है जिसमें आप भी हैं। यह "न्याय की पांच बातें, जो आपको पता होनी आवश्यक हैं" बताता है।

न्याय का दिन *होगा* (20:12)

आयत 12 में हम पढ़ते हैं, "फिर मैंने छोटे बड़े सब मरे हुओं को सिंहासन के साम्हने खड़े हुए देखा, ... और जैसे उन पुस्तकों में लिखा हुआ था, कि उनके कामों के अनुसार मरे हुओं का *न्याय किया गया*।"

पवित्र शास्त्र में न्याय के कई विवरण मिलते हैं, जिनमें से एक मत्ती 25:31-46 है। प्रकाशितवाक्य 20 में न्याय के दिन को "रूखे प्रबन्ध के साथ बताया गया" है।[3] जैसा कि टी. एफ. ग्लेसन ने कहा है, "संक्षिप्त होने के बावजूद यह अन्तिम न्याय के लिखे गए सब विवरणों से अति प्रभावशाली, विवरणों में से एक है।"[4]

शायद मुझे सबसे पहले यह साबित करना चाहिए कि प्रकाशितवाक्य 20:11-15 अन्तिम न्याय की बात कर रहा *है*। कइयों को लगता है कि यह रोम के होने वाले अस्थायी न्याय का एक और सांकेतिक प्रतिनिधित्व है। ऐसा हो सकता है,[5] परन्तु अधिकतर लेखकों का मानना है कि यहां अन्तिम न्याय की ही बात है और मैं इससे सहमत हूं। नीचे दी गई बातों पर विचार करें:

(1) न्याय के दृश्य से पहले कुछ ऐसा है, जो प्रकाशितवाक्य के किसी और न्याय से पहले नहीं है: शैतान का निकाला जाना (20:10)। शैतान को इस वर्तमान युग के अन्त से पहले नरक में नहीं फेंका जाएगा।

(2) इस वचन में अन्तिम न्याय के दिन की मूल बातें हैं: मृतक जी उठते हैं; हर कोई न्याय के लिए प्रभु के सामने खड़ा है। दुष्ट नरक में जाते हैं जबकि धर्मी लोग स्वर्ग में जाते हैं (मत्ती 25:34, 41, 46)। रूबल शैली ने कहा है, "यहां दिया गया न्याय का दृश्य उस दिन के विषय में शेष नये नियम में बताई हर बात से मेल खाता है।"[6]

(3) न्याय के इस दृश्य में एक और बात है जो प्रकाशितवाक्य के किसी और न्याय में नहीं है: मृत्यु का अन्त (20:14)। मृत्यु का अन्त मसीह के वर्तमान शासन की समाप्ति

से पहले नहीं होगा (1 कुरिन्थियों 15:25, 26)।

(4) प्रकाशितवाक्य की पुस्तक चरम की ओर आ रही है। अध्याय 20 से 22 को यदि ''एक ही'' मान लें तो पुस्तक का अन्त प्रतिकर्ष के साथ होता है। डब्ल्यू.बी. वेस्ट जूनियर ने लिखा है, ''पूरी प्रकाशितवाक्य की पुस्तक का समापन 20वें और 21वें और 22वें अध्यायों के अन्तिम भाग में है। उनमें पूरा चरम मिलता है। उनके बिना पुस्तक अधूरी है।''[7] इन्हीं कारणों से मैं यह निष्कर्ष निकालता हूं कि 20:11-15 अन्तिम न्याय के दिन की बात कर रहा है।

मुझे यह ज़ोर देना चाहिए कि बाइबल न्याय के केवल *एक* बड़े दिन की बात करती है। मैंने पहले कहा था कि अधिकतर प्रीमिलेनियलिस्ट कई पुनरुत्थानों की शिक्षा देते हैं। अधिकतर तो न्याय के कई दिनों की शिक्षा भी देते हैं।[8] परन्तु बाइबल केवल एक ही शिक्षा देती है। यीशु अक्सर ''*अन्तिम* दिन'' की बात करता था (यूहन्ना 6:39, 40, 44, 54), जिसमें धर्मी लोग ''अन्तिम दिन'' (यूहन्ना 11:24) जी उठेंगे और दुष्ट लोगों का न्याय ''अन्तिम दिन'' होगा (यूहन्ना 12:48)। ''अन्तिम दिन'' केवल *एक* ही यानी वह दिन हो सकता है, जब मुर्दे जी उठेंगे, जब हर किसी को न्याय के लिए पेश किया जाएगा।

न्याय की सबसे पहली बात जो आपको पता होनी आवश्यक है, वह यह है कि न्याय का दिन *होगा*। एडवर्ड मैकडोवल ने लिखा है, ''अपने प्रचार में हमने अधिकतर ... इतिहास में परमेश्वर का हाथ होने की भावना, एक लक्ष्य और सम्पूर्णता की ओर इतिहास की उसकी दिशा को खो दिया है। हमें एक स्वस्थ निश्चितता की आवश्यकता है कि एक सम्पूर्णता है, जिसे परमेश्वर लाने वाला है।''[9] वह ''सम्पूर्णता'' न्याय का दिन है। पृथ्वी पर यह जीवन चरम की उस घटना की ओर जा रहा है। संसार का इतिहास उस एक क्षण में गिर जाएगा।[10]

प्रभु आपका न्यायी होगा (20:11)

उस दिन का विवरण आरम्भ करते हुए यूहन्ना ने कहा, ''फिर मैंने एक बड़ा श्वेत सिंहासन और उसको जो उस पर बैठा हुआ है, देखा'' (आयत 11क)। पहले हमने यह सिंहासन अध्याय 4 में देखा था: सिंहासन जो संसार के केन्द्र में है। यहां इसे ''श्वेत'' बताया गया है क्योंकि यह हर अन्य सिंहासन से ऊपर है।

''जो उस पर बैठा हुआ है'' वह कौन है? सिंहासन को ''परमेश्वर का न्याय सिंहासन'' (रोमियों 14:10) और ''मसीह का न्याय आसन'' (2 कुरिन्थियों 5:10) कहा गया है। पिता और पुत्र दोनों ही सिंहासन पर विराजमान हैं,[11] और दोनों ही न्याय करते हैं। पौलुस ने कहा कि परमेश्वर ''ने एक दिन ठहराया है, जिस में वह उस मनुष्य *के द्वारा* धर्म से जगत का न्याय करेगा, जिसे उस ने ठहराया है और उसे मरे हुओं में से जिलाकर, यह बात सब पर प्रमाणित कर दी है'' (प्रेरितों 17:31)। फिर पौलुस ने लिखा कि ''*परमेश्वर* मेरे सुसमाचार के अनुसार यीशु मसीह *के द्वारा* मनुष्यों की गुप्त बातों का न्याय करेगा'' (रोमियों 2:16)।[12]

उसके लिए, जो सिंहासन पर बैठा है, यूहन्ना ने कहा कि "[उसके] साम्हने से पृथ्वी और आकाश भाग गए, और उनके लिए जगह न मिली" (आयत 11ख)। यह वाक्य "उस संसार के जिसे हम अपनी शारीरिक इन्द्रियों के द्वारा जानते हैं" अन्त की बात हो सकता है।[13] यीशु ने कहा कि "आकाश और पृथ्वी टल" जाएंगे (मत्ती 5:18)। पतरस ने लिखा कि "प्रभु का दिन चोर की नाईं आ जाएगा, उस दिन आकाश बड़ी हड़हड़ाहट के शब्द से जाता रहेगा, और पृथ्वी और उस पर के काम जल जाएंगे" (2 पतरस 3:10)।[14] जैसा कि हम अगले अध्याय में देखेंगे, "पहले" आकाश और पृथ्वी के हटाए जाने से "नया" आकाश और पृथ्वी बनेंगे (21:1)।

परन्तु संदर्भ में संसार के मिट जाने पर उतना ज़ोर नहीं है जितना प्रभु की महिमा पर है। "सिंहासन पर विराजमान इतना तेज से भरा और भस्म करने वाला है कि आकाश और पृथ्वी सूर्य में ओस की तरह समा जाने की तरह मिट जाएंगे।"[15]

न्याय की दूसरी बात जो आपको पता होनी आवश्यक है वह यह है कि न्यायी *प्रभु* होगा। किसी वेश्या से उसके प्रार्थना के जीवन के विषय में पूछा गया। प्रश्नों का उत्तर देते हुए उसने कहा, "[परमेश्वर] मेरा न्याय नहीं करेगा। मुझे नहीं लगता कि परमेश्वर किसी का न्याय करता है।"[16] इस विश्वास से उसे मन ही मन अच्छा लगता था, परन्तु यह सही नहीं है। न्याय के समय प्रभु न्यायी होगा और "उसके निर्णाय सच्चे और ठीक हैं" (19:2)।

आप वहां होंगे (20:12, 13)

यूहन्ना ने आगे कहा, "फिर मैंने छोटे बड़े सब मरे हुओं को सिंहासन के साम्हने खड़े हुए देखा" (आयत 12क)। न्याय में भी, "परमेश्वर किसी का पक्षपात नहीं" करेगा (रोमियों 2:11; देखें प्रेरितों 10:34)। "महत्वपूर्ण" और "महत्वहीन" सब लोगों को न्याय के लिए बुलाया जाता है। "वहां न कोई अनुपस्थित होगा और न किसी को छूट होगी।"[17]

अगली आयत कहती है, "और समुद्र ने उन मरे हुओं को जो उस में थे दे दिया, और मृत्यु और अधोलोक[18] ने उन मरे हुओं को जो उन में थे दे दिया" (आयत 13क)। प्रकाशितवाक्य की पूरी पुस्तक में मृत्यु और अधोलोक को जोड़ा गया है (1:18; 6:8)। " 'मृत्यु' मनुष्यों का सामान्य भविष्य है, ... और 'अधोलोक' उनका सामान्य गंतव्य है, .."[19] आपको याद होगा कि अध्याय 6 में चौथा सवार "मृत्यु" था और उसके पीछे "अधोलोक" था।[20] (चौथे घुड़सवार का चित्र देखें।)

संसार के इतिहास में मृत्यु ने लोगों की देहें ली हैं जबकि अधोलोक ने उनके प्राण लिए हैं। उस "अन्तिम बड़े दिन" में मृत्यु और अधोलोक को वे देहें और प्राण छोड़ने पड़ेंगे जो उन्होंने कब्ज़े में कर रखे हैं।

"और समुद्र ने उन मरे हओं को जो उसमें से दे दिया" शब्द पहेली जैसे लगते हैं, क्योंकि समुद्र में मरने वालों की देहें और प्राण मृत्यु और अधोलोक में वैसे ही हैं जैसे उनके

जो भूमि पर मरते हैं। कई लेखकों का मानना है कि ये उलझाने वाले शब्द सही रीति से दफ़नाए जाने की प्राचीन अवधारणा को दर्शाते हैं, जो समुद्र में खोए हुओं का नहीं हुआ, परन्तु इस जीवन के बाद अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण था। इस प्रकार 20:13 के शब्दों से यह आश्वासन मिला कि परमेश्वर मरे हुए सब लोगों को जिला सकता है, चाहे वे कहीं भी या किसी भी स्थिति में मरे हों। इन शब्दों का अर्थ जो भी हो,[21] इसमें संदेश यही है कि न्याय से बच *कोई नहीं* सकता।

समुद्र, मृत्यु और अधोलोक का अपने मुर्दे दे देने का हवाला मुर्दों के जी उठने की बात कहने का सांकेतिक ढंग है। यीशु ने कहा कि "वह समय आता है, कि जितने कब्रों में हैं, उसका शब्द सुनकर निकलेंगे। जिन्होंने भलाई की है वे जीवन के पुनरुत्थान के लिए जी उठेंगे और जिन्होंने बुराई की है वे दण्ड के पुनरुत्थान के लिए जी उठेंगे" (यूहन्ना 5:28, 29)। पौलुस के अनुसार "धर्मी और अधर्मी दोनों का जी उठना होगा" (प्रेरितों 24:15)।[22] मसीह के वापस आने पर "मुर्दे जी उठेंगे," जो जीवित हैं वे "बदल जाएंगे" (1 कुरिन्थियों 15:52) और उसके बाद हर किसी को न्याय के लिए पेश किया जाएगा।

कई लोग इस बात से इनकार करते हैं कि न्याय कि दिन धर्मी लोग सिंहासन के सामने खड़े होंगे; वे यह ज़ोर देते हैं कि यह बड़ी घटना केवल दुष्टों के लिए है।[23] मैं मानता हूं कि प्रकाशितवाक्य 20:11-15 में ज़ोर अविश्वासियों के भविष्य पर दिया गया है,[24] परन्तु इन आयतों के विवरण[25] बाइबल की सामान्य शिक्षा से मेल खाते हैं कि न्याय का दिन धर्मियों और अधर्मियों सबके लिए होगा।

पौलुस ने मसीही लोगों को लिखा, "क्योंकि अवश्य है, कि हम *सब* का हाल मसीह के न्याय आसन के साम्हने खुल जाए, कि हर एक व्यक्ति अपने अपने *भले-बुरे* कामों का बदला जो उस ने देह के द्वार किए हों पाए" (2 कुरिन्थियों 5:10)। रोमियों 2:6-8 में उसने प्रभु के धर्म के न्याय के "दिन" होने वाली बातों का विवरण दिया:

> [परमेश्वर] हर एक को उसके कामों के अनुसार बदला देगा। जो सुकर्म में स्थिर रहकर महिमा, और आदर, और अमरता की खोज में हैं, उन्हें वह *अनन्त जीवन* देगा। पर जो विवादी हैं, और सत्य को नहीं मानते, वरन अधर्म को मानते हैं, उस पर क्रोध और कोप पड़ेगा [देखें आयतें 9,10]।

पतरस ने लिखा कि न्याय "का *आरम्भ* [परमेश्वर के लोगों] ही से होगा" (1 पतरस 4:17)। मत्ती 25 में अच्छे काम करने वालों का न्याय भी उनके साथ ही होता है, जो अच्छे काम नहीं कर पाए (मत्ती 25:31-46)। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक भी विश्वासियों को प्रतिफल देने के उस अवसर का संकेत देती है, जब मुर्दों का न्याय किया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 11:18)। बाइबल की शिक्षा है कि एक दिन हम में से *हर किसी* को परमेश्वर के सामने पेश किया जाएगा।[26]

क्या इसका अर्थ यह है कि हमें न्याय की सब बातें मालूम हैं? क्या इसका अर्थ यह

है कि हमें समझ है कि संक्षेप में क्या होगा? क्या इसका अर्थ यह है कि न्याय में शामिल हर कठिनाई को हम सुलझा सकते हैं?[27] नहीं, नहीं, नहीं। इस जीवन के पार की बातों पर चर्चा करते हुए हम उन अजन्मे बच्चों की तरह हैं जो कोख के बाहर जीवन की प्रकृति पर चर्चा कर रहे हैं। तौ भी हमें उतना पता चल सकता है जितना परमेश्वर ने हमें बताना चाहा है। यानी यह कि न्याय का दिन होगा, हर कोई वहां होगा और हर किसी का न्याय होगा!

न्याय के विषय में तीसरी बात जो आपको पता होनी आवश्यक है, वह यह है कि *आप* वहां होंगे।

आपका न्याय *आपके कामों के अनुसार* होगा (20:12, 13, 15)

यूहन्ना के दर्शन में, लोगों की विशाल संख्या के सिंहासन के सामने खड़े होने पर, "पुस्तकें खोली गईं"[28] और "जैसे उन पुस्तकों में लिखा हुआ था, कि उनके कामों के अनुसार मरे हुओं का न्याय किया गया" (आयत 12ख, घ)।

परमेश्वर का वचन

वचन उन खुली हुई "पुस्तकों" का विस्तृत विवरण नहीं देता, परन्तु हम आश्वस्त हो सकते हैं कि परमेश्वर का वचन उनमें प्रमुख होगा। यीशु ने कहा, "जो मुझे तुच्छ जानता है और मेरी बातें ग्रहण नहीं करता है उस को देषी ठहराने वाला तो एक है: अर्थात जो वचन मैं ने कहा है, वही पिछले दिन में उसे दोषी ठहराएगा" (यूहन्ना 12:48)। हमारा न्याय मनुष्य के लेखों के द्वारा नहीं बल्कि केवल बाइबल से होगा।

हमारे कामों का लेखा-जोखा

स्पष्टतया कुछ पुस्तकों में लोगों के जीवनों (उनके विचार, उनकी बातें, उनके काम) का लेखा-जोखा है, क्योंकि दो बार हमें बताया गया है कि मरे हुओं का न्याय "उनके कामों के अनुसार" होगा (आयतें 12ङ, 13ख)।

कुछ लोग इस विचार पर आपत्ति करते हैं कि हमारा न्याय हमारे कामों के अनुसार होगा, परन्तु यह नियम तो पूरी बाइबल में बताया गया है। बुद्धिमान ने कहा है, "क्योंकि परमेश्वर सब कामों और सब गुप्त बातों का, चाहे वे भली हों या बुरी, न्याय करेगा" (सभोपदेशक 12:14)। पौलुस ने लिखा कि न्याय कि दिन, परमेश्वर "हर एक को उसके कामों के अनुसार बदला देगा" (रोमियों 2:5, 6)। यीशु ने कहा कि अपने स्वर्गदूतों के साथ महिमा में आने पर वह "हर एक को उस के कामों के अनुसार प्रतिफल देगा" (मत्ती 16:27)। थुआतीरा के मसीही लोगों को उसने बताया कि "मैं तुम में से हर एक को उसके कामों के अनुसार बदला दूंगा" (प्रकाशितवाक्य 2:23)।[29]

कोई आपत्ति कर सकता है, "परन्तु हम में से कोई भी ऐसा नहीं है जो उद्धार पाने के लिए अच्छे काम कर सके।" यह सही है (इफिसियों 2:8, 9); परन्तु जैसा कि राबर्ट

माउंस ने ज़ोर दिया है, ''मुद्दा कर्मों से उद्धार का नहीं, बल्कि परमेश्वर के साथ मनुष्य के वास्तविक सम्बन्ध के अनिवार्य प्रमाण के रूप में कर्मों का है।''[30] हमारे कामों से हमारा विश्वास पता चलता है (याकूब 2:18), हमारा प्रेम दिखाई देता है (यूहन्ना 14:15; 1 यूहन्ना 5:3) और प्रभु को हमारा जवाब पूरा करता है (याकूब 2:21, 22; इफिसियों 2:10)।

कइयों ने ''लिखने वाले स्वर्गदूतों'' के हमारी हर बात और कर्म को लिखने की कल्पना की है। और सम्भावना है कि पुस्तकें ''न्यायी परमेश्वर की सर्वज्ञता को दर्शाती है, जिससे कुछ भी छिपा नहीं और जो कुछ भी भूलता नहीं है।''[31]

यह बात कि हर किसी का जीवन स्वर्ग में ''लिखा हुआ है'' दो बातें बताती है: यह कहती है कि हम में से हर कोई महत्वपूर्ण है और जो कुछ हम करते हैं वह महत्वपूर्ण है। यह, यह भी कहती है कि हमें अहसास हो या न परन्तु हमारे विचारों, बातों और कामों के अनन्त परिणाम हो सकते हैं (देखें मत्ती 12:36)।

मुझे सबके सामने अपनी हर कमज़ोरी और पाप के आने से बड़ी परेशान करने वाली या अपमानित करने वाली या भयभीत करने वाली और बात दिखाई नहीं देती। इसलिए मैं जल्दी से कह देता हूं कि ''किताबों में लिखी बातें वही हैं, जो परमेश्वर ने याद रखने और भूलने का निर्णय लिया।''[32] परमेश्वर का धन्यवाद हो कि उसने कुछ बातें भूलने की प्रतिज्ञा की है (यिर्मयाह 31:34; इब्रानियों 8:12)! विशेषकर वह अपने पुत्र के लहू से मिटाए गए पापों को स्मरण नहीं करता (रोमियों 5:9; इफिसियों 1:7)।[33]

> मार्टिन लूथर ने अपना एक स्वप्न बताया जिसमें शैतान उस कमरे आया जिसमें बड़ी-बड़ी पुस्तकों की कतारें लगी हुई थीं और उसे उन्हें पढ़ने की आज्ञा दी। शीघ्र ही उसने देखा कि उन पुस्तकों में उसके अपने जीवन का लेखा-जोखा था, जो उसके अपने हाथ से लिखा हुआ था। शैतान ने पूछा, ''क्या यह सही है? क्या यह तुमने लिखा है?'' लूथर को भयभीत, दयनीय हालत में अवाक होने की बात याद रही, जब तक शैतान पुस्तकें लेकर चला नहीं गया। फिर उसने पुकारा, ''यह सही है, इसकी हर बात मेरे हाथ ने लिखी है, परन्तु इस सबके ऊपर लिख, 'यीशु मसीह का लहू हमें हर पाप से शुद्ध करता है।' ''[34]

मसीह के लहू के द्वारा धोए जाने के अलावा यदि मसीह में बपतिस्मा लेने का कोई और कारण न होता (प्रेरितों 22:16), तो काफी होना चाहिए! यदि लहू के द्वारा निरन्तर शुद्ध होने के अलावा परमेश्वर के वचन के ''प्रकाश में चलने'' की कोई और प्रेरणा न होती (1 यूहन्ना 1:7) तो यह काफी होना चाहिए!

> उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त के निकट, स्वीडिश रसायनज्ञ एलफ्रेर्ड नोबेल[35] एक सुबह स्थानीय समाचार पत्र में अपना ही शोक संदेश पढ़ने के लिए उठा: ''डायनामाइट की खोज करने वाले एलफ्रेर्ड नोबेल, जिसकी कल मृत्यु हो गई, ने युद्ध में पहले से कहीं अधिक लोगों के मारे जाने का तरीका निकाला और वह बहुत

धनवान होकर मरा।''

वास्तव में मृत्यु एलफ्रेर्ड के बड़े भाई की हुई थी; समाचार पत्र के संवाददाता ने स्मृति लेख लिखने में चूक कर दी थी।

परन्तु इस विवरण का नोबेल पर गहरा प्रभाव पड़ा। उसने लोगों को कुशलतापूर्वक मारने का साधन तैयार करने के अलावा किसी और चीज़ के लिए प्रसिद्ध होने और इस प्रक्रिया में लगने की इच्छा की। सो उसने नोबेल पुरस्कार का आरम्भ कर दिया जो शान्ति को बढ़ावा देने वाले वैज्ञानिकों और लेखकों को दिया जाने वाला पुरस्कार है।

नोबेल ने कहा, ''हर मनुष्य को बीच में अपने स्मृति लेख को सुधार कर उसे नया लिखने का अवसर मिलना चाहिए।''[36]

आपको आज ऐसा ही अवसर मिला है। अपने जीवन को ऐसे देखें जैसे यह खत्म हो गया हो। कल्पना करें कि यदि अभी आपकी मृत्यु हो जाए तो न्याय के समय लोगों को क्या पता चलेगा। यदि आपको वह पसन्द नहीं है, जो आपको दिखाई देगा तो प्रमी और अनुग्रहकारी प्रभु के पास अभी आकर अपने जीवन का हिसाब ''दोबारा लिखें!''

उस दिन बहुत से लोग एक छोटे से बदलाव के लिए अपना सब कुछ देना चाहेंगे परन्तु तब बहुत देर हो चुकी होगी। परन्तु आज आप यीशु मसीह में भरोसा करके उसकी इच्छा के सामने झुक सकते हैं और इस प्रकार थोड़ा सा नहीं, बल्कि यीशु मसीह के लहू से पूरे धुलकर और शुद्ध होकर सब कुछ बदल सकते हैं![37]

जीवन की पुस्तक

एक अन्तिम पुस्तक खोली गई: ''फिर एक और पुस्तक खोली गई, अर्थात, जीवन की पुस्तक'' (आयत 12ग)।[38] जीवन की पुस्तक का उल्लेख पूरे प्रकाशितवाक्य में हुआ है (3:5; 13:8; 17:8; 21:27[39]); यह परमेश्वर के विश्वासियों का लेखा-जोखा है।[40] ''प्राचीनकाल में राजा लोग अपने इलाके के लोगों के नामों का लेखा-जोखा रखते थे; किसी के मरने या नागरिक के अधिकार छिनने के बाद ही उसका नाम काटा जाता था। जीवन की पुस्तक उन लोगों का रिकॉर्ड है जो परमेश्वर के हैं।''[41] इसे और ढंग से कहें तो इस पुस्तक में उन लोगों के नाम हैं जिनके पाप यीशु के लहू से ढक दिए गए है।

न्याय पर प्रचार करते हुए मैं कई बार परेमश्वर के वचन की तुलना लोगों के जीवनों से करता हूं और फिर अन्तिम अधिकार के रूप में जीवन की पुस्तक से मिलाता हूं। आखिर आयत 15 कहती है कि ''जिस किसी का नाम जीवन की पुस्तक में लिखा हुआ न मिला वह आग की झील में डाला गया।'' हमें फिर यह मानना पड़ेगा कि जो कुछ होने वाला है हम उसे संक्षेप में नहीं जानते परन्तु इतना जानते हैं कि परमेश्वर हमें वह बताना चाहता हैं। परमेश्वर के सिंहासन के सामने खड़े होने पर पुस्तकें खोली जाएंगी और हमारा न्याय इस जीवन में किए गए हमारे कामों के आधार पर उन पुस्तकों के आधार पर किया जाएगा।

न्याय की चौथी बात जो आपको पता होनी आवश्यक है वह यह है कि आपका न्याय

आपके कामों के अनुसार होगा।

आपको या तो *स्वर्ग में* या *नरक में* भेजा जाएगा (20:14, 15)

मत्ती 25 वाला न्याय का दृश्य धर्मियों और अधर्मियों दोनों के अनन्त भविष्य की बात करता है:

> तब राजा अपनी दाहिनी ओर वालों से कहेगा, हे मेरे पिता के धन्य लोगो, आओ, उस राज्य के अधिकारी हो जाओ, जो जगत के आदि से तुम्हारे लिए तैयार किया हुआ है।... तब वह बाईं ओर वालों से कहेगा, हे श्रापित लोगो, मेरे साम्हने से उस अनन्त आग में चले जाओ, जो शैतान और उसके दूतों के लिए तैयार की गई है।... और यह अनन्त दण्ड भोगेंगे परन्तु धर्मी अनन्त जीवन में प्रवेश करेंगे (मत्ती 25:34-46)।

परन्तु प्रकाशितवाक्य 20:11-15 में प्रकाशबिन्दु उन पर है जो परमेश्वर के प्रेम के प्रस्ताव को ठुकराया है। अध्याय 21 और 22 में जाने और धर्मियों के भविष्य के बारे में पढ़ने से पहले हमें बताया गया है कि शैतान के पीछे चलने वालों का क्या होगा।

मृत्यु और अधोलोक का अन्त

वचन का हमारा अन्तिम भाग इस घोषणा से आरम्भ होता है, ''और मृत्यु और अधोलोग भी आग की झील में डाले गए'' (आयत 14क)। प्रकाशितवाक्य में मृत्यु और अधोलोक को सारी मनुष्य जाति को हड़प लेने को उत्सुक ''दो लालची और भूखे जन्तुओं'' के रूप में दिखाया गया है।[42] वचन के हमारे पाठ की आयत 13 में उन्हें अपने शिकार को उगल देने के लिए विवश किया जाता है। उनका उद्देश्य पूरा हो जाने के बाद उन्हें भी खत्म हो जाना था। पौलुस ने कहा, ''सब से अन्तिम बैरी जो नाश किया जाएगा वह मृत्यु है'' (1 कुरिन्थियों 15:26)।

मृत्यु और अधोलोक को ''आग की झील'' में डाल दिया गया था। फिर वचन में उनके भविष्य के बारे में यह टिप्पणी जोड़ी गई है कि यह ''दूसरी मृत्यु है'' (आयत 14ग)।[43] बाइबल में ''मृत्यु'' शब्द का इस्तेमाल अलग होने के अर्थ में किया गया है यानी देह और आत्मा के अलग होने से शारीरिक मृत्यु होती है (याकूब 2:26), आत्मिक मृत्यु परमेश्वर से हमारे पापों के कारण अलग होने से होती है (इफिसियों 2:1; 1 तीमुथियुस 5:6; यशायाह 59:1, 2) और ''दूसरी मृत्यु'' *अनन्तकाल* के लिए परमेश्वर से दूरी है (2 थिस्सलुनीकियों 1:8, 9; देखें मत्ती 7:23; 25:12)!

जो तैयार नहीं हैं उनका भविष्य

''दूसरी मृत्यु'' ''आग की झील'' है (आयत 14ख)। अगले अध्याय में हम पढ़ेंगे, ''पर डरपोकों, और अविश्वासियों, और घिनौनों, और हत्यारों और व्यभिचारों, और टोन्हों,

और मूर्तिपूजकों, और सब झूठों का भाग उस झील में मिलेगा, जो आग और गन्धक से जलती रहती है: यह दूसरी मृत्यु है'' (21:8)। शैतान के साथियों को आग की झील में डाला गया था (19:20); शैतान को वहां डाला गया था (20:10); अब यह उनके लिए तैयार थी, जिन्होंने शैतान और उसके साथियों को अपने जीवनों में अगुआई देने की अनुमति दी थी।

यीशु ने इस भयंकर जगह को ''आग का कुण्ड'' कहा (मत्ती 13:42)। एक और जगह उसने इसे ''बाहर अन्धियारा'' कहा (मत्ती 22:13)। आमतौर पर आग से अन्धियारा नहीं बल्कि उजाला होता है, जिस कारण स्पष्टतया यीशु अस्पष्ट बात के वर्णन के लिए संकेत का इस्तेमाल कर रहा था। इससे नरक का आतंक कम नहीं हो जाता बल्कि और गहरा जाता है। रात के आतंक पर विचार करें; पीड़ादायक जलन का दर्द याद करें। उस आतंक और पीड़ा को एक करोड़ खरब बार बढ़ा दें, उन्हें असंख्य बार बढ़ा दें तो भी आप बता नहीं पाएंगे कि नरक वास्तव में कितना भयानक है।

बहुत से लोग स्वर्ग में विश्वास करना चाहते हैं परन्तु नरक में नहीं, परन्तु बाइबल जो एक को प्रकट करती है, वही है जो दूसरे के बारे में बताती है। यदि आप नरक के बारे में बाइबल की बात पर भरोसा नहीं कर सकते तो आप स्वर्ग के विषय में इसकी बात पर भरोसा नहीं कर सकते। लोगों को अच्छा लगे या न, एक ''झील'' है ''जो आग और गन्धक से जलती है।''

वचन का हमारा पाठ दिल दहलाने वाली बात से समाप्त होता है। मैं इसे अपने मन पर आने वाले भारीपन के बिना नहीं पढ़ सकता: ''और जिस किसी का नाम जीवन की पुस्तक में लिखा हुआ न मिला वह आग की झील में डाला गया'' (आयत 15)। (न्याय के दृश्य का चित्र देखें।)

परमेश्वर नहीं चाहता कि किसी का नाश हो (2 पतरस 3:9)। उसने लोगों को नरक में जाने से रोकने के लिए अपना योगदान दे दिया है। बर्टन कॉफमैन ने लिखा है, ''मसीह ने क्रूस पर अपने लहूलुहान हाथ किसी भी मनुष्य को मिलने वाले दण्ड से बचाने के लिए फैलाए थे; परन्तु जो लोग उसकी उपेक्षा करना चुनते हैं, उन्हें अपनी असफलता के परिणामों की पूरी ज़िम्मेदारी मान लेनी चाहिए।''[44]

न्याय की पांचवीं बात जो आपको पता होनी आवश्यक है, वह यह है कि यह सब होने के बाद आपको या तो स्वर्ग में भेजा जाएगा या नरक में।

सारांश

ग्लेन पेस के एक सरमन के अन्त में, किसी ने यह कहते हुए जवाब दिया कि वह चाहता है कि प्रभु लौट आए। उसने एक भयभीत करने वाले स्वप्न की बात बताई: न्याय का दिन था और प्रभु जीवन की पुस्तक में से पढ़ रहा था। प्रभु ने पहले एक से और फिर दूसरे से कहा, ''शाबाश!'' प्रभु वहां आया जहां उस व्यक्ति का नाम होना चाहिए था, परन्तु उस व्यक्ति को अपना नाम सुनाई नहीं दिया, उसने सिंहासन के पीछे से जाकर प्रभु के कन्धे के

ऊपर से जीवन की पुस्तक देख ली। वह यह देखकर भयभीत हो गया कि उसका नाम काट दिया गय था! उस व्यक्ति ने प्रचारक के सामने माना, ''मुझे मालूम था कि मुझे एक मसीही के रूप में क्या करना आवश्यक है, परन्तु मैंने उसे करने से इनकार कर दिया। परन्तु अब मैं वापस आना चाहता हूं। मैं मेमने की जीवन की पुस्तक में अपना नाम वापस चाहता हूं!''[45]

प्रकाशितवाक्य 20 के कई पहलुओं को समझना कठिन है, परन्तु जो सबसे अधिक महत्व का है, उसे समझना कठिन नहीं है। जे.लॉक हार्ट ने यह बेहतरीन सुझाव दिया है: ''अनुमानों की भावुकता में फंसने के बजाय, हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे नाम जीवन की पुस्तक में लिखे गए हैं!''[46]

क्या आपका नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में है? क्या आपने मन फिराने और बपतिस्मे के द्वारा यीशु में अपने विश्वास का अंगीकार किया है (प्रेरितों 2:37, 38; गलातियों 3:26, 27)? क्या आप परमेश्वर के वफ़ादार रहे हैं (प्रकाशितवाक्य 2:10; 3:5)? यदि आपका नाम कभी जीवन की पुस्तक में जोड़ा गया या उसमें से काट दिया गया है तो देर न करें; हिचकिचाए नहीं। आज ही इस पर ध्यान दें!

टिप्पणियां

[1]यह कहानी वाल्टर बी. नाइट, *नाइट'स मास्टर बुक ऑफ 4,000 इलस्ट्रेशंस* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1956), 351 से ली गई थी। [2]क्लेरेंस ई. मैकर्टने, *मैकर्टनी'स इलस्ट्रेशंस* (नैशविल्ले: अबिंग्डन प्रैस, 1946), 198-199 में उद्धृत। [3]जी. बी. केयर्ड, *ए कमैंट्री ऑन रैवलेशन ऑफ सेंट जॉन द डिवाइन* (लंदन: एडम एण्ड चार्ल्स ब्लैक, 1966), 259. [4]टी. एफ. ग्लेसन, *द रैवलेशन ऑफ़ जॉन,* द कैंब्रिज बाइबल कमैंट्री ऑन द न्यू इंग्लिश बाइबल सीरीज़ (कैंब्रिज, इंग्लैंड: कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रैस, 1965), 113एन। [5]प्रकाशितवाक्य 20:11-15 को अस्थाई न्याय क रूप में लेने वालों से मेरी कोई बड़ी लड़ाई नहीं है जब तक वे इस बात से सहमत है कि एक बड़ा न्याय का दिन *होगा* और प्रकाशितवाक्य 20:11-15 का दृश्य विशेष रूप से उस अन्तिम न्याय के दिन जैसा है। [6]रूबल शैली, *द लैंब एण्ड हिज़ एनिमीज़: अंडरस्टैंडिंग द बुक ऑफ़ रैवलेशन* (नैशविल्ले: ट्वंटियथ सैंचुरी क्रिश्चियन फाउंडेशन, 1983), 111. [7]डब्लयू. बी. वेस्ट जूनि., *रैवलेशन थ्रू फर्स्ट सैंचुरी ग्लासेस,* संपा. बॉब प्रिचर्ड (नैशविल्ले: गॉस्पल एडवोकेट कं., 1997), 145. [8]युगों को मानने वाले कई लोग यह सिखाते हैं कि चार या अधिक न्याय हैं। बहुल न्यायों को ''साबित'' करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वचनों की चर्चा के लिए देखें फ्रैंक पैक, *रैवलेशन,* पार्ट 2 (आस्टिन, टैक्सस: आर. बी. स्वीट कं., 1965), 56-57. (बहुल पुनरुत्थानों की चर्चा के लिए, इस पुस्तक में ''मसीह के साथ राज करना!'' पाठ देखें।) [9]एडवर्ड ए. मैक्डोवल, *द मीनिंग एण्ड मैसेज ऑफ़ द बुक ऑफ़ रैवलेशन* (नैशविल्ले: ब्रॉडमैन प्रैस, 1951), 201. [10]यह वाक्य, टॉमी साउथ, ''द ग्रेट व्हाइट थ्रोन'' *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* (जनवरी 1989 का अंग्रेज़ी अंक): 20 से लिया गया था।

[11]देखें मत्ती 19:28; लूका 1:32; प्रेरितों 2:30; इब्रानियों 1:8; 12:2; प्रकाशितवाक्य 3:21; 12:5. [12]मत्ती 25:31; यूहन्ना 5:22, 23; 2 तीमुथियुस 4:1; प्रकाशितवाक्य 19:11 भी देखें। प्रकाशितवाक्य 2:7, 10 कहता है कि *यीशु* धर्मियों को जीवन का मुकुट और जीवन के वृक्ष में से खाने का अधिकार देगा। इस विचार पर मुख्य आपत्ति यह है कि यीशु न्यायी है यानी प्रकाशितवाक्य में यहां तक, ज़ोर *परमेश्वर के* सिंहासन पर

बैठने पर है। न्याय सिंहासन पर पिता हो या पुत्र इससे इतना फर्क नहीं पड़ता क्योंकि जो एक करता है दूसरा वही कह या कर सकता है। दोनों एक हैं (यूहन्ना 10:30; 14:10)। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे एक व्यक्ति हें बल्कि इसका अर्थ है कि पिता और पुत्र "परमेश्वरत्व, उद्देश्य और काम में एक" हैं (होमेर हेली, *रैवलेशन: ऐन इंट्रोडक्शन एण्ड कमैंट्री* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1979], 400)। [13]शैली, 112. [14]देखें भजन संहिता 102:25, 26; यशायाह 40:8; 51:6; इब्रानियों 1:10, 11; 12:27. [15]ब्रूस एम. मैज़गर, *ब्रकिंग द कोड: अंडरस्टैंडिंग द बुक ऑफ़ रैवलेशन* (नैशविल्ले: अबिंग्डन प्रैस, 1993), 95. [16]क्रेग ब्रायन लारसन, संपा., *कॉन्टैम्परेरी इलस्ट्रेशंस फ़ॉर प्रीचर्स, टीचर्स एण्ड राइटर्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक्स, 1996), 123 में उद्धृत। [17]मैज़गर, 95. [18]KJV में "नरक" है परन्तु यूनानी धर्मशास्त्र में लिप्यंतरित शब्द "हेडिस" है। हेडिस के सम्बन्ध में *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक "प्रकाशितवाक्य, 1" के पृष्ठ 117 पर टिप्पणी 13 देखें। [19]लियोन मौरिस, *रैवलेशन,* संशो. संस्क., द टिंडेल न्यू टैस्टामेंट कमैंट्रीज़ (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1987), 235. [20]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक "प्रकाशितवाक्य, 1" में "गरजती टापें" और "कोई आश्चर्य नहीं" पाठ देखें।

[21]कई लेखक आयत 13क को उन आयतों से जोड़ते हैं जो ज़ोर देती हैं कि परमेश्वर से छिपा नहीं जा सकता, चाहे "समुद्र के दूरगामी भाग ही हों।" अन्य शब्दों में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां पापी लोग परमेश्वर के न्याय से छिप सकें। [22]नये नियम में पुनरुत्थान पर अधिकतर वचन *धर्मियों* से जुड़े हैं। आखिर जी उठना केवल उन्हीं के लिए रोमांचकारी पहलू है जो महिमा और सम्मान के लिए जी उठेंगे। तौ भी कई वचनों (यहां उद्धृत किए वचनों की तरह) हमें बताते हैं कि पुनरुत्थान सामान्य होगा यानी धर्मी और अधर्मी सब जिलाए जाएंगे। [23]ये लोग आमतौर पर यह सिखाते हैं कि धर्मी मरने पर सीधे स्वर्ग में चले जाते हैं। यह सच है कि कुछ आयतें मसीही लोगों के मरने पर "प्रभु के साथ" होने के लिए जाने की बात करती हैं (2 कुरिन्थियों 5:8; फिलिप्पियों 1:23); परन्तु उन वचनों का उद्देश्य मृतकों की मध्यावस्था पर निश्चियात्मक कथन कहना नहीं बल्कि यह जोर देना है कि विश्वासियों के लिए मृत्यु एक विजय है। यह मानने वाले कि धर्मी लोग न्याय के दिन पेश नहीं होंगे वे वचन भी बताते हैं जिनमें कहा गया है कि विश्वासियों पर "दण्ड की आज्ञा नहीं होगी" (यूहन्ना 5:24); परन्तु उन वचनों में "न्याय" शब्द का इस्तेमाल दण्ड के लिए किया गया है न कि न्याय के दिन के लिए। अधोलोक के संसार, पुनरुत्थान और न्याय पर बाइबल की सामान्य शिक्षा कहती है कि *सब* मृतक इस समय न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए ध्यान दें कि "प्रभु के साथ" होने के बारे में वाक्य के तुरन्त बाद एक बात है कि सबको मसीह के न्याय सिंहासन के सामने पेश किया जाएगा (2 कुरिन्थियों 5:8, 10)। दूसरी ओर बाइबल यह सिखाती है कि धर्मी लोग न्याय की प्रतीक्षा करते हुए *प्रसन्न* हैं (क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें यीशु के लहू के द्वारा बचाया गया है), जबकि अधर्मी लोग अत्यधिक *अप्रसन्न* हैं (लूका 16:19-31)। [24]जैसा कि पहले ज़ोर दिया गया है प्रकाशितवाक्य 20:11-15 का मुख्य उद्देश्य शैतान के पीछे चलने वालों और दो पशुओं का अनन्त भविष्य दिखाना है। (विश्वासियों के भविष्य पर अध्याय 21 और 22 में चर्चा की गई है।) [25]उदाहरण के लिए, क्या छोटे क्या बड़े सिंहासन के सामने खड़े होंगे; हर कोई जिसे मृत्यु अधोलोक और समुद्र ने लिया है प्रभु के सामने खड़ा है। [26]न्याय के दिन का उद्देश्य, जहां तक विश्वासियों की बात है, धर्मियों को बदला देना लगता है। मैं ऐसे लोगों को जानता हूं जिन पर गलत आरोप लगे और वे अपने निर्दोष होने को दिखाने के लिए "अदालत में" जाना *चाहते* थे। [27]एक कठिन प्रश्न है "यदि व्यक्ति को मृत्यु से पता चल जाता है कि उसकी स्थिति क्या है और उसका भविष्य क्या है तो न्याय की क्या आवश्यकता है?" (देखें लूका 16:19-31.) न्याय के दिन पर एक पत्रिका में मैंने यह उत्तर सुझाया कि "निर्दोष या दोषी तय करने की बात उतनी महत्वपूर्ण नहीं है, जितनी न्याय दिखाने और दण्ड देने की" ("वैन द बुक्स वर ओपन्ड" [पैसाडेना, टैक्सस: हाउन पब्लिशिंग कं., तिथि नहीं], 9)। होमेर हेली ने सुझाव दिया कि "अवसर मुख्यतया धर्मियों को प्रतिफल देने और दुष्टों को दण्ड देने का है" (399)। [28]देखें दानिय्येल 7:10. वहां पुस्तकों में स्पष्टतया पशु के विषय में दण्ड देने वाली जानकारी थी। [29]देखें यिर्मयाह 17:10; मत्ती 25:34-36; 2 कुरिन्थियों 5:10; 11:15; 2 तीमुथियुस 4:14.[30]राबर्ट माउंस, *द बुक ऑफ़ रैवलेशन,* द न्यू इंटरनैशनल कमैंट्री

ऑन द न्यू टैस्टामेंट सीरीज़ (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1977), 366.

[31]अलबर्ट पियटर्स, *स्टडीज़ इन द रैवलेशन ऑफ़ सेंट जॉन* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1954), 313. [32]केयर्ड, 259. [33]''स्मरण'' का इस्तेमाल मेल कराने के अर्थ में हुआ है। परमेश्वर हमारे पाप इस अर्थ में ''स्मरण'' नहीं करता कि वह बाद में उन्हें हमारे विरुद्ध इस्तेमाल करें; हमारे पाप एक बार क्षमा हो जाने पर वह उन्हें दोबारा नहीं लाता। [34]हेरोल्ड हेज़लिप, *द लॉर्ड रेन्ज़: ए सर्वे ऑफ़ द बुक ऑफ़ रैवलेशन* (अबिलेन, टैक्सस: हेरेल्ड ऑफ़ ट्रुथ, तिथि नहीं), 22. [35]इस नाम का उच्चारण ''नो-बेल'' है। [36]क्रेग ब्रेयन लारसन, संपा., *इलस्ट्रेशन फ़ॉर प्रीचिंग एण्ड टीचिंग फ़्रॉम* लीडरशिप जरनल (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक्स, 1993), 123. [37]रोपर, 15. [38]इस वाक्य की तुलना दानिय्येल 12:1 से करें जो उन लोगों के हिसाब की बात करता है जो बच निकलेंगे। [39]KJV में 22:19 में ''जीवन की पुस्तक'' है, परन्तु बेहतर हस्तलिपियों में वहां पर ''जीवन का वृक्ष'' है। [40]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' में जीवन की पुस्तक पर चर्चा देखें। इस पाठ में आपको जीवन की पुस्तक पर आपको बाइबल की बातों पर विचार करना चाहिए।

[41]विलियम बार्कले, *द रैवलेशन ऑफ़ जॉन,* अंक 2, संशो.संस्क., द डेली बाइबल सीरीज़ (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिंस्टर प्रैस, 1976), 95. [42]यह और अगला वाक्य हैनरी बी. स्वेट, *द अपोकलिप्स ऑफ़ सेंट जॉन* (कैंब्रिज: मैकमिलन कं., 1908; रीप्रिंट, ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., तिथि नहीं), 273 से लिए गए थे। [43]''दूसरी मृत्यु'' शब्द का इस्तेमाल पहले स्मुरना की कलीसिया के नाम पत्र में किया गया था (2:11)। *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पाठ ''निर्धन कलीसिया जो धनी थी'' में देखें। [44]बर्टन कॉफ़मैन, *कमैंट्री ऑन रैवलेशन* (आस्टिन् टैक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1979), 478. यदि आप डूब रहे व्यक्ति की ओर जीवन रक्षक वस्तु फैंकते हैं परन्तु वह उसे पकड़ने से इनकार कर देता है तो उसने अपने कार्य की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ली। [45]इस घटना को ग्लेन पेस ने जुडसोनिया, आरकैंसर में 5 जनवरी 1997 को जुडसोनिया चर्च ऑफ़ क्राइस्ट में दिए संदेश से जोड़ा। [46]जेय लॉकहर्ट, ''द मिलेनियम, 2'' *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* (जनवरी 1989 अंग्रेज़ी अंक):18. [47]यदि आज मैं पुस्तकों का सैट बना रहा होता तो मैं ''कर्मों का हिसाब'' शब्द का इस्तेमाल करता।

विचार एवं चर्चा के लिए प्रश्न

1. प्रकाशितवाक्य 20:11-15 का प्रमुख उद्देश्य क्या है? क्या इसमें *आपके* लिए संदेश है।
2. पाठ के अनुसार न्याय की पहली कौन-सी बात आपको क्या पता होनी आवश्यक है?
3. बाइबल के अनुसार अन्तिम न्याय के दिन कितने हैं?
4. न्याय की दूसरी कौन सी बात आपको पता होनी आवश्यक है?
5. आपको क्या लगता है कि प्रकाशितवाक्य 20:11 में सिंहासन पर कौन है? सिंहासन पर परमेश्वर के या यीशु के होने से कोई फर्क पड़ता है?
6. न्याय की तीसरी कौन सी बात आपको पता होनी आवश्यक है?
7. एक या अधिक आयतों की सूची बनाने के लिए तैयार रहें जो सिखाती हैं कि एक सामान्य पुनरुत्थान होगा जब भले और बुरे *सब* मुर्दे जी उठेंगे।
8. क्या धर्मी लोग न्याय के दिन प्रभु के सामने खड़े होंगे?
9. न्याय की चौथी कौन सी बात आपको पता होनी आवश्यक है?
10. न्याय के दिन कौन सी ''पुस्तकें'' खोली जाएंगी?

11. हमारा न्याय ''हमारे कामों के अनुसार'' किस अर्थ में होता है ?
12. आप यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पापपूर्ण कार्य आपके जीवन के रिकॉर्ड में नहीं मिलते ?
13. न्याय की पांचवीं कौन सी बात आपको पता होनी आवश्यक है ?
14. क्या बाइबल नरक नाम की किसी वास्तविक जगह के बारे में बताती है ?
15. यदि नरक के विवरण के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द प्रतीकात्मक हैं तो क्या इसका अर्थ यह है कि नरक भी प्रतीकात्मक है, यानी नरक ''वास्तव में इतना बुरा नहीं'' है ?
16. क्या आप नरक में जाना चाहेंगे ? आप यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप वहां नहीं जाएंगे ?

चौथे घुड़सवारें (6:8)

न्याय के दृश्य (20:11-15)